Mar Thoma Residential School, Thiruvalla
Annual Examination, 2018

Std. IX | हिन्दी | Time :- 3 hr
Marks. 80

Attempt all the questions from section A and answer any four questions from section B.

## Section - A (40 Marks)

**Question - 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any **one** of the following topics: [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 25 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-

'भ्रष्टाचार की जड़ नैतिक मूल्यों का पतन है'। इस कथन के समर्थन में अपने मौलिक विचार व्यक्त कीजिए।

आपकी दृष्टि में व्यक्ति के जीवन में अध्यापक का क्या महत्व है? अध्यापक बनने के लिए किन गुणों का होना आवश्यक समझते हैं? यदि आप अध्यापक बनें, तो आप किन अवगुणों को सदैव अपने से दूर रखेंगे?

'मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना' उक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए।

ओखी बवंडर का प्रभव स्थान कहाँ था और उसका नाम किस देश ने दिया था? इस बवंडर से हुए नाश का वर्णन कीजिए।

"आपसी प्रेम ही सुखद जीवन का आधार है"। क्या आप इससे सहमत हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

Question-2.

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any of the topics given below. [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखि

i अपने मित्र को राज्य की जूनियर क्रिकेट टीम में चुने जाने पर बधा देते हुए पत्र लिखिए।

ii आपके क्षेत्र में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे बिक्री की जा रही जिस कारण युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसकी करते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए।

Question-3

Read the passage given below and answer in Hindi the q that follow. Use your own words as far as possible.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखि यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए–

कवि रवीन्द्रनाथ का नाम दुनिया में प्रसिद्ध है। इनको अपनी 'गीतांजलि' पर नोबल पुरस्कार मिला था। गीतांजलि पहले में लिखी गई थी और बाद में इन्होंने इसका अंग्रेजी में भी किया। सभी ने इस रचना की प्रशंसा की। आज भी जो इस को पढ़ता है, आनंद-विभोर हो जाता है।

विश्व कवि की बचपन की शिक्षा घर पर हुई। उन्हें स्कूल में भेजा गया था, वहाँ के अध्यापक अपने डंडे पर भरोसा रखते थे। प्यार से विद्या पढ़ाने की प्रथा उस समय थी। बच्चों को मार का भय दिखाकर ही शिक्षा दी ज रवीन्द्रनाथ ने लिखा है कि उस समय बात-बात में

मिला करती थी। सिर पर पीटना, धूप में घंटो खड़ा रखना आदि सजाएँ तो साधारण थीं। इन सजाओं से छुटकारा पाना कठिन था। उस समय कोई बिरला ही ऐसा भाग्यशाली होगा जो पाठशाला गया हो और उसे इन सजाओं को सहना न पड़ा हो।

रवीन्द्रनाथ का मन विद्रोही बन गया और उन्होंने पाठशाला जाना छोड़ दिया। उनके पिता महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर बहुत ही अनुभवी व्यक्ति थे। उन्होंने परिस्थिति को समझते हुए अपने होनहार बेटे की पढ़ाई का प्रबन्ध घर पर ही कर दिया। उनका यह विचार था कि बच्चे की शिक्षा उसकी रुचि के अनुसार होनी चाहिए। बच्चे के मन के विरुद्ध जाना उसकी प्रतिभा को रोकना है। बालक रवीन्द्रनाथ की रुचि आरम्भ से ही काव्य, संगीत, चित्रकल और नाटक की ओर थी। उन्हें इन विषयों की शिक्षा दी गई और वे जल्दी ही इन विषयों में निपुण हो गए।

प्रश्न –

i. बालक रवीन्द्रनाथ की बचपन से ही किन विषयों में रुचि थी?

ii रवीन्द्रनाथजी के समय पाठशालाओं में विद्या पढ़ाने की क्या प्रथा थी

iii बालक रवीन्द्रनाथ ने पाठशाला जाना क्यों छोड़ दिया?

iv रवीन्द्रनाथ के पिता का शिक्षा के बारे में क्या विचार था?

v. रवीन्द्रनाथ विश्व-प्रसिद्ध कवि क्यों माने जाते हैं?

Question - 4

Answer the following according to the instructions given

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

i. विलोम शब्द लिखिए :- [1]

1. सुगंध 2. श्रव्य

ii पर्यायवाची शब्द लिखिए :- [2]

1. सोना 2. विद्युत

iii मुहावरे से वाक्य बनाइए - [2]

1. गले का हार 2. घोड़े बेचकर सोना

iv. वाक्य को स्त्रीलिंग में बदलिए :- [1]

1. विद्वान पुरुष सम्राट के साथ रहता है।

v. बहुवचन में बदलिए :- [1]

1. उस लड़के ने आज एक पुस्तक पढ़ी।

vi. वाक्य को 'चाहिए' शब्द का प्रयोग कर दोबारा लिखिए। [1]

1. मेरा छोटा भाई मेरी बात अवश्य सुनेगा।

---

## Section - B 40 Marks

---

नया रास्ता (सुषमा अग्रवाल)

Read the extract given below and answer in the questions given below.

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के लिखिए।

**Question - 5**

मायारामजी की बात उनकी पत्नी की समझ कुछ - कुछ आई। वह बोली, "हाँ, यह बात तो सही है। जितना जेवर तुम खरीद सकते हो, उतना ही चढ़ा देना। पर ---- कम जेवर चढ़ायेंगे तो हमारी नाक नहीं कटेगी?"

(i) मायारामजी की कौन-सी बात पत्नी की समझ में आई ? किस सन्दर्भ में बात हो रही है ? [2]

(ii) नाक कटने से क्या तात्पर्य है ? नाक किस तरह कट जायेगी ? [2]

(iii) बड़े घर की लड़की से क्या तात्पर्य है ? साड़ियों के बारे में दोनों की क्या बात हुई ? [3]

(iv) दहेज की बात सुनकर मायारामजी क्यों उत्तेजित हुए और क्या बोले ? [3]

Question -6

अमित को अपनी ओर आता और देखते हुए पाकर मीनू माया से बोली, "चलो माया, यहाँ चप्पलें कुछ पसंद नहीं आ रही हैं।" माया समझ नहीं पायी थी...।

(i) अमित कौन है ? यहाँ वह मीनू की तरफ क्यों देख रहा है ? [2]

(ii) माया क्या नहीं समझ पायी थी ? [2]

(iii) मीनू अमित को देखकर कैसा अनुभव करती थी ? [3]

(iv) मीनू बाजार से क्या-क्या चीजें खरीदकर लाई और क्यों ? सामान देखकर होस्टल की लड़कियों ने क्या सोचा ? उन्होंने क्या प्रश्न किए और मीनू ने क्या उत्तर दिए ? [3]

Question-7

'मीनू ने प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लिया था और कॉलेज में पढ़ाई नहीं चल रही थी। उसने सोचा कि आज नीलिमा से मिल आऊँ।'

(i) नीलिमा बिस्तर पर क्यों पड़ी थी ? उसके पास कौन था ? [2]

(ii) मीनू को होस्टल छोड़ने के लिए उसके साथ कौन गया ? [2]

(iii) विदेशों में बसने वाले भारतीयों के बारे में मीनू के क्या विचार थे [3]

(iv) मीनू कहाँ रहकर क्या पढ़ रही है ? उसने नीलिमा के घर जाने की बात क्यों सोची ? [3]

**Question - 8.** "काश कि मैं निर्मम हो सकती, काश मैं संस्कारों की दा[sic]
से मुक्त हो सकती।"

(i) वक्ता किन संस्कारों की दासता की बात कर रही है? [2]

(ii) उसने संस्कारों को दासता क्यों कहा है? [2]

(iii) अपने बेटे से बिछुड़ने का वह क्या कारण बताती है? [3]

(iv) वक्ता को अपने पुत्र की कही कौनसी बात याद आई? क्या उसके मन में पछतावे की भावना थी? स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question - 9**

"भैया में एक दोष है- वे जो कहते हैं, करना जानते हैं। उनके पास नहीं हैं, परंतु उसके लिए वे किसी के आगे हाथ नहीं पसारेंगे।"

(i) यहाँ वक्ता और श्रोता कौन है? वक्ता श्रोता से किस विषय में बात क[र] रहा है? [2]

(ii) वक्ता के अनुसार भैया में क्या दोष है? [2]

(iii) वक्ता द्वारा बताया गया दोष क्या आपके विचार से वह एक दोष है? [3]

(iv) यहाँ भैया के चरित्र के किस गुण पर प्रकाश डाला गया है? [3]

**Question - 10**

"बेटी और बहू को एक ही तराजू में तौलना चाहते हो? बेटी बेटी है, बहू बहू?"

(i) वक्ता कौन है और वह किससे किस विषय में बात कर रहा है? [2]

(ii) बेटी और बहू के लिए जीवनलाल के क्या विचार थे? [2]

(iii) जीवनलाल बेटी और बहू में अंतर क्यों करता है? [3]

(iv) आपके विचार से बेटी और बहू के लिए जीवनलाल के जो विचार थे, क्या वे उचित थे, यदि नहीं, तो क्यों? समझाकर लिखि[ए] [3]